## कुएं में सफाई करने उतरे दो मजदूरों की मौत

### एसडीईआरएफ की टीम ने निकाले शव

**सिवनी, देशबन्धु।** झूलेलाल कॉलोनी में कुएं की सफाई के दौरान दम घुटने से दो मजदूरों की मौत हो गई। ऑक्सीजन की कमी या जहरीली गैस को हादसे की वजह माना जा रहा है। लापरवाही के चलते सुरक्षा जांच नहीं हुई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

सिवनी जिले की झूलेलाल कॉलोनी में सोमवार को एक हृदय विदारक हादसा हो गया। एक पुराने कुएं की सफाई के दौरान दो मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। इनकी पहचान सोनू उइके (30) और अशोक धुर्वे (35) के रूप में हुई है। सोनू लखनादौन सिवनी के भानेरी का और अशोक मंडला जिले के नैनपुर थाना क्षेत्र के कोकीवाड़ा का रहने वाला था।

घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। दोनों मजदूर मकान की सीढ़ियों के नीचे बने 25-30 फीट गहरे कुएं में सफाई कर रहे थे, तभी बेहोश हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

बताया जा रहा है कि कुएं के भीतर ऑक्सीजन की कमी या जहरीली गैस की मौजूदगी के चलते उनकी हालत बिगड़ी और कुछ ही देर में उन्होंने दम तोड़ दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही हड़कंप मच गया। तत्काल एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर दोनों शवों को कुएं से बाहर निकाला। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, कुएं की सफाई से पहले उसमें ऑक्सीजन लेवल या किसी जहरीली गैस की जांच नहीं की गई थी। यह गंभीर लापरवाही है, जिसने दो घरों के चिराग बुझा दिए। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच जारी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतकों की पहचान कर उनके परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

## तालाब में मिला मजदूर का शव

**सिवनी, देशबन्धु।** जिले के किंदरई थाना क्षेत्र के मोहगांव कटिया के तालाब से मजदूर का शव मिला है। मृतक की पहचान धीरज परते 35 वर्ष के रूप में हुई है। वह मोहगांव कटिया का रहने वाला था।



स्थानीय लोगों को सुबह जंगल की ओर जाते वक्त तालाब में एक शव दिखाई दिया। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। किंदरई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को तालाब से निकलवाया और पंचनामा की कार्रवाई की।

मृतक धीरज परते मजदूरी का काम करता था। उसके दो बेटे और एक बेटी हैं। वह जंगल से लकड़ी लेने गया था, जहां से उसका शव तालाब में मिला।

किंदरई थाना प्रभारी जी.एस. राजपूत ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## छपारा में व्यवहार न्यायालय श्रृंखला कोर्ट का शुभारंभ



**छपारा, देशबन्धु।** सिवनी जिले के छपारा में 16 जून, सोमवार को बहुप्रतीक्षित व्यवहार न्यायालय श्रृंखला कोर्ट का शुभारंभ एक भव्य समारोह में हुआ। इस अवसर पर जिले के न्यायाधीशगण, अधिवक्ता और स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई।

उद्घाटन समारोह सुबह लगभग 10=45 बजे मुख्य अतिथि सतीश चंद्र राय, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिवनी के कर कमलों से संपन्न हुआ। उनके साथ विक्रम सिंह डावर, न्यायाधीश एवं जिला रजिस्ट्रार सिवनी, श्रीमती कला भवांकर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, संजीव पालीवाल, अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश लखनादौन, और रवि नायक, विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष एवं न्यायाधीश भी उपस्थित रहे।

समारोह में छपारा व्यवहार न्यायालय के प्रथम न्यायाधीश केशव कुमार गुप्ता अपनी पत्नी श्रीमती तनु गुप्ता के साथ उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा छपारा व्यवहार न्यायालय के कोर्ट रूम और शिलालेख पट्टिका का अनावरण किया गया।

साथ ही न्यायालय परिसर में मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीश चंद्र राय सहित क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों ने आम के चार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर सभी मंच पर मौजूद न्यायाधीशों द्वारा छपारा से जुड़े पक्षकारों के दूरस्थ क्षेत्रों से आने-जाने में लगने वाले समय और आर्थिक बोझ को लेकर लंबे समय से चली आ रही छपारा व्यवहार न्यायालय की मांग की लड़ाई पर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा छपारा व्यवहार न्यायालय श्रृंखला कोर्ट शुरू होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। अधिवक्ता संघ छपारा के अध्यक्ष सुनील कुमार रुनिझा सहित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने न्यायालय की गरिमा बनाए रखने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर होने की बात कही।

इस नवगठित न्यायालय से छपारा और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को न्यायिक प्रक्रिया में सुगमता और त्वरित न्याय मिलेगा, जिससे उन पर से समय और धन दोनों का अतिरिक्त बोझ अब कम होगा।

## सार-समाचार

### स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**सौसर, देशबन्धु।** सोमवार को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), जीएच राईसोनी विश्वविद्यालय, साईखेड़ा द्वारा लेफ्टिनेंट टापनिया जेनिश (एसोसिएट एनसीसी अधिकारी और खेल अधिकारी) के निर्देशानुसार मुफ्त स्वास्थ्य जांच और चिकित्सा शिविर का आयोजन नारायणवार पीपला गांव में किया गया । डॉ. श्रीधर फुलज़ले (चिकित्सा अधिकारी) और डॉ. राहुल गुर्जर (चिकित्सा अधिकारी) ने अपने चिकित्सा और नर्सिंग स्टाफ के साथ मुफ्त इलाज किया और दवाइयों का वितरण किया गया ।इस शिविर के अंतर्गत 200 से अधिक मरीज़ों का उपचार किया गया ।

### जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव का आयोजन दो जुलाई को



**नैनपुर, देशबन्धु।** हरे कृष्णा इस्कॉन द्वारा जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव का भव्य आयोजन 2 जुलाई को राधा कृष्ण मंदिर वार्ड नंबर 15 के पास किया गया है समिति में जगन्नाथ रथ यात्रा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर धर्म लाभ अर्जित करें ।

### कालोनियां गंदगी से सराबोर, किंकर्तव्यविमूढ़ बना विभाग

**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर गोटेगांव में सभी कालोनियां इस समय गंदगी के ढेर पर चल रहीं हैं राजनैतिक दल सिर्फ वोट की राजनीति के चलते यहां पर कालोनियों में नालियों की सफाई और सड़क पर झाड़ू भी नहीं लग रही है कहने को संबंधित विभाग के पास सफाई कर्मचारियों की फौज खड़ी है जिसका हर महीने वेतन भी दिया जाता है कुछ सफाई व्यवस्था ठेके पर भी है ऐसा चर्चित है परंतु ठेकेदारों द्वारा भी नगर की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है स्मरण हो कि नगर में 15 वार्ड है परंतु सभी वार्डों की सफाई व्यवस्था वेंटिलेटर पर है बारिश का मौसम आ चुका है फिर विभाग जल प्लावन की राह देख रहा है।सफाई कर्मचारियों से मौखिक भी नगर की जनता बोल चुकी है परंतु कुछेक सफाई कर्मचारी कहते हैं कि वो हमारा एरिया नहीं है जिसका एरिया है उस सफाई मुकद्दम को काल भी करते हैं परंतु उनके द्वारा फोन नहीं उठाया जाता है अच्छा हो कि भारी बारिश के पहले ही नालियों की सफाई हो ऐसी नगर की जनता ने मांग की है।

## गोशाला निर्माण के लिए किया भूमि पूजन

**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर में जैन समाज ने गौ संरक्षण के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए उल्लेखनीय कार्य किया है । विगत दिवस आचार्य गुरुवर विद्यासागर महाराज की प्रेरणा, परोक्षाशीश एवं नवाचार्य गुरुवर समय सागर महाराज के मंगलमय आशीर्वाद के साथ ही मुनि संघ के सानिध्य में गौशाला निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्य संपन्न हुआ।

नगर के समीप ग्राम कंजई बगिया (जबलपुर रोड) स्थित स्थल पर आचार्य विद्यासागर दयोदय गौशाला शाला का भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जैन समाज के साथ ही जैनेत्तर समाज का भी सहयोग मिला।

आपको बतादें कि करीब 6 करोड रुपए से अधिक लागत से 10 एकड़ भूमि पर इस सर्व सुविधा युक्त आधुनिक गौशाला का निर्माण किया जा रहा है। शुरुआत में इस गौशाला में 300 गायों को पालने का लक्ष्य रखा गया है और आने वाले समय में नई सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को जुटाने के साथ ही गायों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी ।

गौशाला का निर्माण पूर्णतः आधुनिक सुविधाओं के साथ किया जा रहा है। यहां गायों के अवशिष्ट से जीवन उपयोगी सामग्री तैयार की जाएगी ।साथ ही गायों की सुरक्षा एवं सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए भीषण ठंड से बचाव एवं भीषण गर्मी की तपन से बचाने की भी नई सुविधा युक्त व्यवस्था की जाएगी । अभी 5 एकड़ में गायों को रहने के लिए छायादार सेड बनाए जाएंगे और शेष 5 एकड़ में चारागाह एवं गायों की घूमने फिरने के लिए व्यवस्था की जा रही है।



इस अवसर पर मुनिश्री ने मंगल प्रवचन दिए, जिसमें उन्होंने संयम, सेवा और गौसंरक्षण की महत्ता पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। मुनि श्री ने कहा कि सड़कों पर घूम रही इन गायों को अक्सर दुर्घटनाग्रस्त होकर अपने प्राण गंवाने पढ़ रहे हैं।

ऐसी गायों को देखकर इन मूक पशुओं के प्रति करुणा का भाव सभी में जागृत होना चाहिए और इन गायों के संरक्षण एवं सुरक्षा के प्रति व्यवस्था करना सभी का दायित्व होना चाहिए।

गौशाला भूमि पूजन आयोजन में निर्यापक श्रमण मुनि संभव सागर, मुनि निस्सीम सागर, मुनि श्रमण सागर, मुनि संस्कार सागर, मुनि ओंकार सागर, ऐलक गौरव सागर महाराज का भी पावन सान्निध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के प्रतिष्ठाचार्य ब्र. मनोज भइया जबलपुर रहे। इस भावना पूर्ण पुण्यशाली आयोजन की व्यवस्था आचार्य विद्यासागर दयोदय गौशाला शाला सेवा समिति, गोटेगांव द्वारा की गई थी।

कार्यक्रम में सकल जैन समाज, गोटेगांव एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने सेवा देकर आयोजन को सफल बनाया। समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भोजन-प्रसादी की समुचित व्यवस्था की गई।

## कान्हा टाइगर रिजर्व के 30 सदस्यीय दल को पेंच प्रबंधन एवं नवाचारों से अवगत कराया



**सिवनी, देशबन्धु।** पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी द्वारा 14 से 16 जून 2025 तक कान्हा टाईगर रिजर्व, मण्डला के 30 सदस्यीय दल के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण दल में कान्हा टाइगर रिजर्व के 2 सहायक संचालक, एक कार्यवाहक उप वनक्षेत्रपाल, 4 कार्यवाहक वनपाल एवं 23 वनरक्षक सम्मिलित थे।

पेंच टाइगर रिज़र्व के अधिकारियो द्वारा दल के सदस्यों से परिचर्चा कर पेंच टाइगर रिज़र्व द्वारा वन्यजीव प्रबंधन, मानव वन्यजीव द्वन्द के निवारक उपाय, नवाचार, इको विकास समितियों मे किये जा रहे कार्य आदि विषयो के सम्बन्ध में जानकरी दी।

कान्हा दल को फील्ड भ्रमण के दौरान वन्यप्राणी प्रबंधन अंतर्गत गतिविधियों का अवलोकन एवं वन्यजीव दर्शन कराकर पेंच टाइगर रिजर्व द्वारा प्रबंधन प्रयासों, अवैध मत्स्याखेट निवारण उपाय, मोगली बाल उद्यान, राष्ट्रीय राजमार्ग 44 मे मिटिगेशन उपाय, वन विश्राम गृह रेनोवेशन कार्यों एवं ग्राम विस्थापन प्रक्रिया अंतर्गत नवीन कर्माझिरी स्थल का निरीक्षण कराया गया।

## उत्कर्षा डवरे सम्मानित



**पांढुर्ना, देशबन्धु।** हम फाउंडेशन भारत, जिला पांढुर्ना (म.प्र.) द्वारा सोमवार को गायत्री शक्ति पीठ भवन में आयोजित सम्मान समारोह में सरस्वती शिशु मंदिर लोधीखेड़ा की प्रतिभाशाली छात्रा कु. उत्कर्षा श्याम डवरे को वर्ष 2024-25 की कक्षा 5वीं की बोर्ड परीक्षा में 92.75त्न अंक अर्जित कर जिले में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर अभिनंदन पत्र, पदक एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि उत्कर्षा जैसी प्रतिभाएं क्षेत्र का नाम रोशन कर रही हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए हर संभव प्रोत्साहन देना हमारा कर्तव्य है। समारोह में विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों की उपस्थिति सराहनीय रही। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत करना तथा उन्हें बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित करना था।

## नीट मेडिकल परीक्षा में मिडास कोचिंग संस्था के ध्रुव रोकड़े को मिले 522 अंक

**सौसर, देशबन्धु।** हाल ही में घोषित हुए नीट मेडिकल की परीक्षा परिणाम में सौंसर के मिडास कोचिंग संस्था के बच्चों ने हर साल की तरह इस साल के नीट के टफ़ पेपर में भी नीट2025 की परीक्षा परिणाम में सभी बच्चों ने कमाल का प्रदर्शन दिखाया।



ध्रुव रोकड़े ने सबसे अधिक 522 अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता नाम रोशन किया। वही बाक़ी बच्चों में से ओम राठौर ने 521 अंक लाया साथ साथ तन्मय मालवी ने 499, जाह्नवी मिश्रा ने 498, हिमानी ब्रह्म ने 487, मनाली परिहार ने 483, सारा नारेकर ने 477, आदित्य लावाले ने 476, प्रियांशु चौड़े ने 474, ऐश्वर्या जैसवाल ने 473, अंश वकोड़े ने 470 पाए एवं उनके साथ साथ करीब 23 बच्चों ने 400 से अधिक अंक प्राप्त किए और करीब 47 बच्चे ने 300 से अधिक अंक प्राप्त कर सभी बच्चों ने सौंसर के साथ पूरे जिले का नाम रोशन कर अपने माता-पिता का नाम रोशन किया ।

मिडास कोचिंग के तरफ़ से सभी बच्चों को ढेर सारी बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की ढेर सारी शुभकामनाएं ।

## दैनिक राशिफल

**बुधवार 18 जून 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अषाढ़ कृष्ण पक्ष की सप्तमी, नक्षत्र-पूभा।**

मेष - आप सामाजिक काम में उपस्थित होंगे। मित्रों तथा स्नेहियों के साथ बहुत आनंद मना सकेंगे। मित्रों के पीछे धन खर्च होगा और उनके पास से लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे। आप कहीं घूमने जाने की योजना बना सकते हैं।

वृषभ - जो लोग नए काम की शुरुआत करना चाहते हैं या उसकी योजना बनाना चाहते हैं, उनके लिए दिन बहुत अच्छा है। आज आप नौकरी या व्यवसाय में लाभदायक परिणाम प्राप्त कर सकेंगे। पदोन्नति होगी।

मिथुन - प्रतिकूल संयोग के बनने से आपके कार्य में विलंब होगा। शरीर में ताजगी और मन में उत्साह का अभाव रहेगा। (220-138)

कर्क - मन का नकारात्मक व्यवहार आपको हताश करेगा। बाहर का खाने-पीने के कारण स्वास्थ्य खराब होगा। क्रोध को नियंत्रण में रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ बखेड़ा खड़ा होगा। नए संबंध तकलीफदायक साबित होंगे।

सिंह - पति-पत्नी के बीच मामूली कारणों से विवाद उत्पन्न होने से मनमुटाव होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। सांसारिक विषयों के बारे में उदासीन रहेंगे। सार्वजनिक जीवन में अपयश या स्वाभिमान भंग होने का योग है।

कन्या - आज आपके लिए दिन शुभ है। घर में सुख-शांति का वातावरण छाया रहेगा। मन भी प्रसन्न रहेगा। सुख के प्रसंग बनेंगे। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। बीमारी से पीड़ित व्यक्ति की परिस्थिति में सुधार आएगा।

तुला - आज आप का दिन सुखपूर्वक गुजरेगा। बौद्धिक चर्चाओं में दिन गुजरने की संभावना है। आज कल्पनाशक्ति से कोई बड़ा काम आसानी से कर पाएंगे। संतान से शुभ समाचार मिलेंगे।

वृश्चिक - आज का दिन शांतिपूर्ण रूप से व्यतीत करें, क्योंकि किसी बात को लेकर मन चिंताग्रस्त रहेगा। कुंटुंब या परिवार में किसी से वाद-विवाद हो सकता है। स्वास्थ्य के विषय में चिंता रहेगी। धनहानि एवं यशहानि हो सकती है।

धनु - आज आप ज्योतिष और आध्यात्मिक बातों में खूब रुचि लेंगे। भाई-बहनों के साथ आप का व्यवहार अच्छा रहेगा। नए काम की शुरुआत के लिए समय अच्छा है। मित्रों एवं स्नेहीजनों से मुलाकात होगी।

मकर - आज आप शेयर मार्केट में आज अपनी किस्मत आजमा सकते हैं। किसी बड़े निवेश में भी आपकी रुचि रहेगी। आकस्मिक धन लाभ होगा। परिजनों के साथ विवाद हो सकता है।

कुंभ - आज का दिन शुभ फलदायी है। शारीरिक तथा मानसिक रूप से आप प्रसन्न रहेंगे। भौतिक तथा आध्यात्मिक दृष्टि से आपको अच्छा अनुभव होगा। परिजनों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा।

मीन - आज मानसिक व्याकुलता अधिक रहेगी और एकाग्र नहीं रह पाएंगे। धार्मिक कामों में धन खर्च हो सकता है। पूंजी निवेश में आज विशिष्ट ध्यान रखने की जरूरत है। (156-290)

2,7,5,0,12,37,85,60,29,95,53,78

## मुनिवर पुण्यवर्धन सागर का प्रथम नगर आगमन आज

**गोटेगांव, देशबन्धु।** आज 19 जून 2025 दिन गुरुवार को प्रातः 7:30 बजे पूज्य मुनिवर श्री पुण्य वर्धन सागर म0 सा0 का मुनि दीक्षा उपरांत प्रथम बारगर आगमन होने जा रहा है। नगर गोटेगांव की पावन धरा पर जन्मे नरेशचंद्र बरडिया (वर्तमान में पूज्य मुनि पुण्यवर्धन सागर म0 सा0) पूज्य विनम्र सागर म0 सा0 के साथ ससंघ अपनी जन्म भूमि में मुनि दीक्षा के उपरांत प्रथम बार आगमन होने जा रहा है।



पूज्य मुनिश्री पुण्यवर्धन सागर म0 सा0 नगर के प्रतिष्ठित चावल व्यापारी स्व सुन्दरलाल बरडिया एवम् श्रीमती उमराव देवी के सुपुत्र व संत प्रवर के अनुज अनिल बरडिया के भाई है। बड़े पुत्र अपित बडिया का दवा विक्रेता संघ कवर्धा के सचिव एवं भारतीय जैन संगठन के संभागीय अध्यक्ष है। कनिष्ठ पुत्र अनुराग इंदौर में साफ्टवेयर इंजिनियर एवं बेटी अमिता पारख कुशल चिकित्सक के रूप में अथक योगदान दे रही है। व्यवसायिक सफलता के साथ ही साथ नरेशनंद बरडीया का झुकाव सामाजिक धार्मिक संघ में विशेष रूप से होने लगा। मुनी मंगवतों के सानिध्य में वे ओली, उपधान सिद्धितप जैसी कठोर तपश्चर्या करने लगे।

उनकी धर्मपत्नि मति शोभा कई गंभीर रोगों से ग्रसित होने के बावजूद धार्मिक गतिविधीयो में बढ़ चढ़ कर भाग लिया करती थी। रुग्नावस्था में दोनों पुत्रवधु रितु सोमा, पौत्र भाव अथर्व अहम और एवं परिजनो ने उल्लेखनीय सेवा का परिचय दिया। वर्ष 2021में धर्मपत्नि शोभा बरडीना के निधन के उपरांत उनकी सन्यास धर्म अंगीकार करने की वर्षों पूर्व की अभिलाषा तीव्र हो उठी। अंततः उपाध्याय प्रगर अध्यात्म योगी पूज्य महेंद्र सागर जी म.सा., युवा मनीषी उपाध्याय प्रवर 5 मनीषरसागर म.सा ने कड़े इन्तहान के बाद मालपुरा (राजस्थान) में पुनि दीक्षा प्रदान की एवं उनका नवीन नामकरण सुनि पुष्यवर्धन सागर मः सा0 घोषित किया ।

वे मुनि धर्म स्वीकार करने के बाद हजारो कि0 मी. की पढ्याना कर अनेको कठिन तपश्चर्या कर अरने परम लक्ष्य सिहालय की ओर बढ़ रहे हैं। उपकारी गुरु भगवंत ने वर्ष 2025 का वयर्यावास विडान संत 20 विनम्रसागर 20 सा0 एवं पू0 गुणवर्धन सागर के साथ नरसिंहपुर मे करने का निर्देश दिया है। उरपने चातुर्मास स्थल में पहुंचने के पूर्व मुनि दीक्षा के बाद अपनी जन्नाभूमि में प्रथम प्रवास पर 17 जून मंगलवार को गोटेगांव पधार रहे है) समूचा जन मन हर्षित है। और अपने माटी के सरत के भावभीना अभिनंदन के लिये लालायित है। इस ऐतिहासिक सणों के साक्षी बाहर से पधारे श्रद्धालु भी होंगे।

## एनएसयूआई की जिला बैठक आयोजित



**सौसर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत आज सौसर के ओम साई प्लेस में एनएसयूआई की जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय पर्यवेक्षक अब्दुल खालिक तथा सेंधवा विधायक मोटु सोलंकी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान पर्यवेक्षक महोदय ने एनएसयूआई के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद कर संगठन की मजबूती, युवाओं की भागीदारी तथा आगामी रणनीतियों को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई पार्टी की रीढ़ है और युवाओं के माध्यम से ही संगठन को नई ऊर्जा मिलती है।

इस अवसर पर सौसर विधायक विजय चौरे, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश झलके, वरिष्ठ नेता भागवत महाजन, डा. राजेन्द्र येमदे, जिला एनएसयूआई अध्यक्ष जिम्मी टाकभवरे समेत बड़ी संख्या में एनएसयूआई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक में आगामी छात्र संघ चुनाव, कॉलेज स्तर पर संगठन विस्तार और युवाओं से जुड़ी स्थानीय समस्याओं को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम का समापन कांग्रेस की नीतियों पर विश्वास बनाए रखने और संगठनात्मक मजबूती के संकल्प के साथ किया गया।